तापमान

अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 30 मार्च 2025



पूर्व मंत्री ने सुनीं समस्याएं, समाधान के आदेश दिए 14





गुहा की स्पीकिंग विद नेचर पुस्तक का विमोचन 14




### कैबिनेट मंत्री अनिल विज को महिला ने दी शिकायत

# दुबई में युवक को बंधक बनाकर मजदूरी करवाई, जांच के आदेश

## आरोपी एजेंटों ने महिला के बेटे का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज कब्जे में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज।

- एजेंटो ने मांगे डेढ़ लाख रुपये रकम देने पर भी वापस आने नहीं दे रहे आरोपी

एजेंटों की ठगी का शिकार बने एक युवक के मामले में परिवहन मंत्री अनिल विज ने जांच के आदेश दिए हैं। अंबाला छावनी की खटीक मंडी की रहने वाली एक महिला ने विज को शिकायत देकर हुए कहा कि उसके बेटे को दो एजेंटों ने दुबई में अच्छी नौकरी का झांसा देकर भेजा था।

मगर दुबई जाने के बाद उसके बेटे से लेबर का काम कराया गया। वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसका आरोप था कि आरोपियों ने उसके बेटे का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। उसने जब बातचीत की तो एजेंटो ने उससे डेढ़ लाख रुपए मांगे।

### आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

यह राशि उसने एजेंटों को दी मगर इसके बाद भी बेटे को आरोपी वापस आने नहीं दे रहे हैं। महिला ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कैबिनेट मंत्री ने आईजी को मामले में जांच के निर्देश दिए है। तोपखाना परेड से आई महिलाओं ने मंत्री अनिल विज को बताया कि परेड में उनके घरों को कच्चा रास्ता जाता है। इस कारण खासकर बारिश के दिनों में उन्हें मुख्य रास्ते से घर तक आने-जाने में परेशानी होती है। मंत्री अनिल विज ने मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। छावनी के व्यक्ति ने उसके प्लाट की रजिस्ट्री के लिए कोर्ट के आदेशों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। उसका आरोप था कि मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। इसी प्रकार कॉलेज छात्रा द्वारा उसका बस पास गुम हो जाने के कारण रोडवेज विभाग द्वारा नया पास नहीं बनाने की शिकायत दी जिस पर विज ने जीएम रोड को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को भी मंत्री अनिल विज ने सुना व कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अमावस्या पर बैंक ने लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कोऑपरेटिव बैंक द्वारा शनिवार को अमावस्या के अवसर पर रेलवे रोड पर भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक सुनील कुमार पातड़ ने बताया कि अमावस्या के अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों के सहयोग से कोऑपरेटिव बैंक के सामने रेलवे रोड पर भंडारा लगाकर आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

उन्होंने बताया कि कोऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से अमावस्या के अवसर पर भंडारा लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कोऑपरेटिव बैंक के कर्मचारियों ने रेलवे रोड पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया। भंडारा वितरित करने में कोऑपरेटिव बैंक के विकास अधिकारी अशोक मांझू, वरिंदर कुमार, मनोज कुमार, प्रवेश गुप्ता, हरीश गुप्ता, मलकीत सिंह, गुरप्रीत सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया।

### ठसका मीराजी में मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**कुरुक्षेत्र।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती पर भव्य रूप से समारोह गांव ठसका मीराजी में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया होंगे।

प्रीत पैलेस इस्माईलाबाद में होने वाले इस समारोह में मशहूर पंजाबी सिंगर कलेर कंठ अपनी गीतों से निहाल करेंगे। आयोजक मंडल ने आज मुख्य अतिथि के रूप में सूरज भान कटारिया को निमंत्रण भी दिया।


SHRI S.D. EDUCATION SOCIETY (REGD.)
Estd. 1946
Panipat {Estd. 1946}

ॐ
विक्रम सम्वत 2082
हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं

S.D. Sr. Sec. School, G.T. Road, Panipat
S.D. (P.G.) College, G.T. Road, Panipat
M.A.S.D. Public School, Faridpur Road, Panipat
S.D. Vidya Mandir HUDA, Sec-12, Panipat
S.D. Vidya Mandir City G.T. Road, Panipat
APIIT S.D. India, Faridpur Road, Panipat
S.D. International School, Sector-6, Panipat
S.D. Institute of Medical Sciences, Dadlana, Panipat
S.D. Institute of Pharmacy, Faridpur Road, Panipat

Anup Kumar, President
Roshan Lal Mittal, Patron
Naresh Goyal, Secretary
Rohit Garg, Vice President
Sharwan Kumar, Joint Secretary
Nishant Gupta, Auditor


### खबर संक्षेप



अंबाला। स्नेचिंग में पकड़े गए आरोपी।

### स्नेचिंग के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से स्नेचिंग के मामले में आरोपी मोहित व अमन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया है। नाहन हाउस के गौरव ने 28 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि काकरू के पास से किसी ने उससे नकद राशि व पार्सल छीन लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि सात मार्च को उसकी बहन किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर वापस नहीं लौटी। उन्हें मालूम हुआ कि उसकी बहन को रादौर निवासी वकील शादी का झांसा देकर अगवा कर ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कार्रवाई शुरू कर दी।

## अजराना खुर्द में छात्रों और शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द की इंचार्ज मीनाक्षी शर्मा एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय अजराना खुर्द के इंचार्ज मंजीत सिंह की अध्यक्षता में पूरे स्टाफ और बच्चों को लेकर गांव में नामांकन अभियान के तहत जागरूक रैली निकाली।

बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ बढ़-चढ़कर इस नामांकन रैली में भाग लिया। सभी स्टाफ सदस्यों ने घर-घर जाकर दाखिला अभियान चलाया है, इससे बेहतर परिणाम मिलेंगे, क्योंकि अभिभावकों को सकारात्मक करना है उनको विश्वास दिलाना है और विश्वास आपस में बातचीत करके ही पैदा होता है। घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया और सरकारी विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दी। स्टाफ सदस्यों में नरेश कुमार, विक्रम, किरण कौर, पुष्पा शर्मा व रमन कुमार ने भी बढ़-चढ़कर इस नामांकन अभियान में भाग लिया।

## मोटर चोरी करने आया युवक मालिक को देख हुआ फरार

- सीसीटीवी फुटेज में नजर आया भागता हुआ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ भागता हुआ चोर।

एनएच 344 की सर्विस लेन के पास बने एक पशु बाड़े में चारा काटने वाली मशीन से मोटर चोरी करने घुसे एक चोर की कोशिश नाकाम हो गई। जैसे ही मकान मालिक वहां पहुंचा चोर घबराकर मौके से फरार हो गया। भागते हुए चोर की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इससे पुलिस को चोर की पहचान करने में मदद मिल सकती है। हालांकि सीसीटीवी में चोर की पीठ नजर आ रही है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चोर की पहचान सम्भव है। इस मामले की शिकायत पशुबाड़े के मालिक राजीव वालिया ने पुलिस को दी है। उन्होंने पुलिस को कहा कि बीते शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे किसी ने उस चारा काटने की मशीन से मोटर चोरी करने की कोशिश की। जब उसकी माता और भतीजा वहां पर पहुंचे तो बाहर दरवाजे पर आवाज होने व अचानक मालिक को सामने आता देख चोर घबरा गया। मोटर छोड़कर चोर दिवार से कूद कर भाग गया। भतीजे ने उसका पीछा भी किया पर पकड़ में नहीं आया। उसकी भागते हुए पीछे से फोटो नजदीक के सीसीटीवी में आ रही है। राजीव वालिया का कहना है कि गांव में चोरी की घटनाएं बढ़ रही है।

### ज्ञान मंदिर में 31 मार्च को होगा नववर्ष अभिनंदन कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** श्रीब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट द्वारा हिंदू नव वर्ष एवं शुभ चैत्र नवरात्रि के अवसर पर त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज की प्रेरणा से भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन 31 मार्च दिन सोमवार को सांय 3 बजे किया जाएगा। यह आयोजन 18 मंजिला ज्ञान मंदिर परिसर मे किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सीताराम कश्यप एवं पार्टी द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजित किया जाएगा। कीर्तन के बाद सभी श्रद्धालुओं मे प्रशाद वितरण किया जाएगा। आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता करेंगें। विशिष्ट अतिथि के रूप मे हरियाणा के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा शिरकत करेंगें। वहीं अनाज मंडी कुरुक्षेत्र के प्रधान सुशील सिंगला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगें।


अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का उत्तम प्लेटफार्म है अपोलो
शिक्षा, संस्कार, खेलकूद का अनोखा संगम है अपोलो

Salient Features
• Artificial Intelligence based curriculum
• Speaker's club to strengthen communication skills.
• MUN's & Olympiads
• Excellent Board Results
• Selection in Various Competitive Exam

नववर्ष प्रतिपदा विक्रमी संवत की हार्दिक शुभकामनाएं
Admission Open
SESSION 2025-26

In Sports
• Gold Medal in Rocball in Sri Lanka
• KBD Semifinalist Team in PRO Kabaddi
• Bronze Medal in National Fencing Championship
• All game facilities & Trained Coaches.

APOLLO INTERNATIONAL SCHOOL
ASPIRE & ACTUALISE

Main Branch: MAHAWATI ROAD, NH-1, PATTIKALYANA, SAMALKHA (PANIPAT) Mob. 9996541193, 97
Junior Branch: GUTALI ROAD, SAMALKHA Mob. 9996541191, 9996541197
Karnal-Main Branch: VILLAGE DADUPUR, NEAR VIVAN HOTEL, G.T. ROAD, KARNAL Mob. 9991527781
Bari-Main Branch: 57 K.M. Mile Stone, NH-1, G.T. Road, V.P.O. Bari, Sonipat Mob. 9896025200

## खबर संक्षेप

### हरियाणा को मिला अपना पहला राज्य गीत

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 59 साल बात हरियाणा को आखिरकार अपना पहला राज्य गीत मिल गया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। हरियाणा विधानसभा में जब यह गीत पहली बार सुनाया गया तो सदन में मौजूद हर किसी के लिए गौरव का क्षण था। यह सभी को अभीभूत कर रहा था। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 1966 में हरियाणा का गठन हुआ था। इतने वर्षों बाद पहली बार राज्य गीत का मिलना अद्वितीय है। प्रत्येक हरियाणवी को इस राज्य गीत पर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। इस राज्य गीत को मिलने में छह दशक लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य गीत को पानीपत के डॉ. बालकिशन शर्मा ने लिखा है, आवाज डॉ. श्याम शर्मा ने दी है और संगीत पारस चौपड़ा का है।

### वीयूएमएम जैन स्कूल का रजत स्थापना आज

**करनाल।** राष्ट्र संत वरिष्ठ उपाध्याय वाचनाचार्य मनोहर मुनि जी महाराज की दीक्षा स्वर्ण जयंती पर नैतिक मूल्यों से अनुप्राणित उत्तरस्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतु स्थापित वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल का *रजत जयंती स्थापना कार्यक्रम ब्रह्मांड रविवार, 30 मार्च को विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ प्रातः 9:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज के दिशानिर्देशन में किया जा रहे इस रंगारंग कार्यक्रम में दुर्गा मां अभिनंदन, राजस्थानी नृत्य, डांडिया - ताल - शिव नृत्य, महिला सशक्तिकरण नाटिका, पिता-पुत्री का प्रगाढ़ भावनात्मक स्नेह बंधन झलकाती लघु नृत्य नाटिका, चंद्रयान यात्रा, मिश्रित नृत्य, आ जा नच्च ले आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी

**सिरसा।** ओढां थाना क्षेत्र के गांव टप्पी में चोर एक किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। ओढां थाना पुलिस ने विद्युत निगम कालांवाली के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ ने दी शिकायत में बताया कि बीती 23 मार्च की रात्रि को अज्ञात चोर गांव टप्पी में किसान रामलाल के खेत में लगा निगम का ट्यूबवेल का कनेक्शन ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। जिसके बाद किसान ने उन्हें इस बारे सूचना दी।

### नोटिस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नोटीफिकेशन एवं इनफोरमेशन कमेटी व एनुअल कम को करिकूलम कमेटी की ओर से नोटिस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से सभी प्रकार की सूचना समयानुसार मिलती रहती है। छात्रों को पढाई के साथ-साथ इन ज्ञानात्मक क्रियाओं में भाग लेना चाहिए। जिससे उनका मानसिक विकास होने के साथ-साथ सृजनात्मक विकास होता है।

## डीएवी पीजी कॉलेज में 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# जीवन में ऊंचाइयों को छूने का सबसे सरल माध्यम है खेल : कमलेश

200 मीटर दौड़ नॉन टीचिंग स्टाफ में प्रथम अजय कुमार, द्वतीय रोहन, तृतीय रोहित रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में 51वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन समारोह में विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन से इंस्पेक्टर कमलेश पुर्व एथलीट को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र चौहान और अन्य प्राध्यापकों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर कमलेश ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों से जीवन में बहुत बड़ा अनुशासन आता है। जो आपको कामयाबी तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि खेलों से भाईचारे की भावना का भी विकास होता है। जो समाज में शिष्टाचार को बढ़ावा देता है। जिससे हमें सम्मान मिलता है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी नें कहा कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलना चाहिए, शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। अच्छा स्वास्थ्य बेहतर जीवन देता है। जिससे तनाव, बिमारियों से सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों को जुडऩा चाहिए और कड़ी मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढऩा चाहिए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी और अन्य स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य प्रोफेसर आरपी सैनी ने शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र चौहान को शुभकामनायें दी। डॉ गुरदेव ने मनोरंजक तरीके से कॉमेंट्री एवं मिमिक्री करके खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सुरभि, डॉ राधिका ने किया।प्रतियोगिता में देव राठी और सीमा को बेस्ट एथलीट चुना गया। लड़कियों की प्रतियोगिता के परिणाम जेवलिन थ्रो में प्रथम सीमा बीए द्वितीय वर्ष द्वतीय गरीमा बीकॉम तृतीय वर्ष तृतीय सिमरन बीए प्रथम वर्ष 400 मी. दौड़ में प्रथम सीमा द्वितीय पम्मी तृतीय गरीमा रही। लडकों की प्रतियोगिता के परिणाम जेवलिन थ्रो में प्रथम देव राठी बीए तृतीय वर्ष द्वितीय अनुज बीसीए तृतीय वर्ष तृतीय प्रियांशु बीए तृतीय वष 1500 मी. दौड़ में प्रथम राहुल बीए तृतीय वर्ष द्वितीय अनिकेत बीसीए तृतीय वर्ष तृतीय मोहित बीए तृतीय वर्ष 100 मीटर दौड़ मेल स्टाफ में प्रथम वीरेंद द्वितीय वीपिन नेवट तृतीय नीरज 100 मीटर दौड़ ;फीमेल स्टाफ प्रथम सिम्पल द्वितीय ज्योति तृतीय प्ररेणा रही मटका रेस , फीमेल स्टाफ में प्रथम गीता, द्वतीय अंजू रानी, तृतीय पूनम पांचाल रही। 200 मीटर दौड़ ;नॉन टीचिंग स्टाफ में प्रथम अजय कुमार, द्वतीय रोहन, तृतीय रोहित रहे। स्टाफ सदस्यों के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता में डॉ विपिन नेवट की टीम ने डॉ सूनील की टीम को हराया।



# नवरात्र में मीट की दुकानें बंद रखने की मांग उठाई

- लघु सचिवालय पहुंच कर डीसी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में हिंदू संगठनों ने नवरात्र पर्व के दौरान मीट की दुकानें बंद रखने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेताओं ने इसको लेकर शनिवार को लघु सचिवालय पहुंच कर डीसी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मीट की दुकानों को बंद रखा जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस दौरान कोई दुकान खुली मिलती है और कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी दुकानदार की होगी। बजरंग दल व परिषद के सदस्य विनोद लांबा ने कहा कि नवरात्र 30 मार्च यानी कल से शुरू हो रही है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत रखते हैं और भक्ति में लीन रहते हैं, लेकिन शहर में खुली मीट की दुकानों से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 90 प्रतिशत दुकानदार स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखते हैं, जबकि 10 प्रतिशत दुकानदार अनुरोध के बाद अपनी दुकानें बंद कर देते हैं। रमजान में भी राम, आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील विनोद लांबा ने कहा कि इस समय रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान लोग संयम और इबादत में रहते हैं, और इसी तरह नवरात्रि भी हिंदू धर्म के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में आपसी सौहार्द और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मीट की दुकानों को दस दिन तक बंद रखा जाना चाहिए। दुकानदारों से हाथ जोडक़र करेंगे अनुरोध लांबा ने बताया कि पिछले साल भी संगठन की ओर से दुकानदारों से मीट की दुकानें बंद रखने की अपील की गई थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला था। इस बार भी संगठन के लोग खुद दुकानदारों के पास जाकर हाथ जोडक़र प्रार्थना करेंगे कि वे नवरात्रि के दौरान अपनी दुकानें बंद रखें। उन्होंने डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रशासन अपने स्तर पर दुकानदारों से बात करे और सुनिश्चित करे कि नवरात्रि के दौरान शहर में किसी भी मीट की दुकान का संचालन न हो।

# धूमधाम से मनाए जाएंगे नवरात्र

- फुलो के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया माता का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



माता मनसा देवी मंदिर इंद्री में चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाए जाएंगे इसके लिए मंदिर सुधार सभा इंद्री ने तैयारियां पूरी कर ली है । माता के मंदिर मे दरबार को फूलों के द्वारा भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर सुधार सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि हिंदू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पाठ का विशेष महत्व है । पूरे देश में यह उत्सव शुरू हो रहा है । उन्होने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रे माता मनसा देवी मंदिर इंद्री में धूमधाम से मनाए जाएंगे । यह पर्व 30 मार्च से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा । उन्होंने बताया कि नवरात्रों में हर रोज सुबह माता का पूजन किया जाता है व शाम को आरती व प्रसाद वितरण किया जाता है । वही पहले नवरात्रे से लेकर 4 अप्रैल तक करनाल से आए कलाकार मनमोहक झांकियां के माध्यम से तक माता की महिमा का गुणगान करेंगे । उन्होंने कहा कि अष्टमी के दिन मंदिर मे हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा । नवरात्रों मे क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के मंदिर में मत्था टेककर अपनी मनोकामना पूरी होने की मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर माता के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं ।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**तरावड़ी।** अंजनथली गांव में एक विवाहिता ने अपने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।पति के साथ सास-ससुर भी उस पर कार लाने और बेटे की चाहत के लिए दबाव बना रहे थे। जब उसने इन मांगों को पूरा करने से मना किया, तो उसके साथ मारपीट की गई और घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 9 फरवरी 2019 को प्रदीप के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था।

# साधकों को योग का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के निदेशक दिनेश गुलाटी के संचालन में बंधन एनक्लेव पार्क, सेक्टर 32 में योग कक्षा के 1 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में योगेंद्र राणा विधायक,असंध ने शिरकत की ।उनके साथ सुभाष कंबोज, विधायक वार्ड नंबर 5 और बेबी पाल, विधायक वार्ड नंबर 2 विशिष्ट अतिथि रहे। दिनेश गुलाटी और टीम के सदस्यों ने उनका स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया ।उन्होंने दिनेश गुलाटी की योग के प्रति संकल्प और जुनून की सराहना की। दिनेश गुलाटी और अन्य अतिथियों ने कक्षा की संचालिका निर्मल कंबोज को सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। इससे पहले दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को सूक्ष्म क्रिया, आसन का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में कक्षा के सदस्यों ने योग आसनों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। योग कक्षा में आज अशोक कंबोज, रविंद्र सिंगला,dr कैलाश गर्ग, निर्मल कंबोज, ज्योति अरोड़ा, रितु त्यागी, मेघना सेठ, अंशु सिंघला, अनुराधा बत्रा,रोशनी चौधरी, वीना सलूज शशि राणा, नेपाल राणा,राजेश सिंगला, सोनू सिंगला, अंजू कंबोज, लक्ष्मी, सतपाल, कमलेश, रमा सनी, ज्योति,दक्ष, आकृति, अमन आदि रहे।

# विधायक ने माता श्री शाकुंभरी देवी तीर्थ स्थल का किया भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गांव अलावला में माता श्री शाकुंभरी देवी तीर्थ स्थल का भव्य उद्घाटन विधायक असंध योगेंद्र राणा जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह पावन तीर्थ स्थल कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सौजन्य से निर्मित हुआ है।

उद्घाटन के पश्चात विधायक योगेंद्र राणा ने तीर्थ स्थल में स्थित पवित्र जल में गंगाजल प्रवाहित किया गया, जिससे इस स्थल की धार्मिक महत्ता और अधिक बढ़ गई है। इस मौके पर उन्होंने माता शाकुंभरी देवी को नमन करते हुए बताया कि प्राचीनकाल में भगवान ब्रह्मा से वरदान पाकर दुर्गम नामक राक्षस ने देवताओं तथा इंसानों को परेशान करना शुरू कर दिया। कार्यक्रम के बाद विधायक योगेन्द्र राणा ने दादा खेड़ा पर मत्था टेककर क्षेत्र की समृद्धि, खुशहाली, और विकास की कामना की गई। इस पावन अवसर पर विधायक ने उपस्थित साधु-संतों से आशीर्वाद लिया और आयोजन के अंत में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अलावला के सरपंच अजीत सिंह, ग्राम सचिव अंकित , भाजपा कार्यकर्ता अक्षय वर्मा आदि रहे।

# स्वच्छता से ही स्वस्थ जीवन : मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। इंद्री मे स्वच्छता एवं पॉलिथीन मुक्ति अभियान चलाते बीएस मालिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

एजुकेशन हेल्थ एंड एनवायरमेंट समिति की ओर से पूर्व महानिदेशक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी बलबीर सिंह मलिक के नेतृत्व में इंद्री के वार्ड नंबर 11 व बस अड्डे के पास स्वच्छता एवं पॉलिथीन मुक्ति अभियान चलाया गया । इस मौके पर उन्होने डीएसपी कार्यालय परिसर में मौलसिरी का पौधा लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए बी. एस. मालिक ने कहा कि सामुदायिक स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि अकेले व्यक्ति या अकेले वर्ग के भरोसे स्वच्छता की कल्पना नहीं की जा सकती । उन्होंने कहा कि सफाई करने से नहीं रखने से संभव होती है, इसलिए सब मिलजुल कर ऐसी व्यवस्था बनाएं कि हमें सडक़ों सडक़ों गलियों या आम रास्तों पर किसी प्रकार की कोई गंदगी दिखाई ना दे। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन धरती पर आपदा बन कर कहर ढा रहा है। उन्होंने कहा कि गलत आदतों की वजह से पॉलिथीन यहां वहां बिखरा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में पॉलिथीन सबसे बड़ा बाधक साबित हो रहा है, इसलिए पॉलिथीन को फेंकने की बजाय इसे इक_ा करके उचित स्थान पर निष्पादन करें। बीएस मालिक ने कहा कि कांग्रेस घास ( गाजर घास ) के कारण बच्चों में एलर्जी का रोग पैदा हो रहा है इसलिए इसे जड़ मूल से समाप्त करने के लिए भी अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि बच्चे बीमारियों से बच सकें। इस स्वच्छता अभियान में दिलबाग लाठर, बाबा महादेव गिरी, पार्षद कंवलदीप. सिंह, महिंद्र कुमार खेड़ा, नरेंद्र ,विक्रम, लक्ष्मण, व सुमन आदि शामिल रहे।

# दिनेश ने प्लेटलेट्स देकर बच्चे का जीवन बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर एंव समाजसेवी दिनेश बक्शी ने आज एक बार फिर मानवता की भलाई के लिए प्लेटलेट्स दान किए। उल्लेखनीय हैं कि आज दिनेश बक्शी को एक फोन कॉल अर्पणा अस्पताल में भर्ती बच्चे जिसकी प्लेटलेट्स 9000 रह गई थी उसके पिता का फोन आया । उन्होंने कहां कि हमे अपने बच्चे जिसकी प्लेटलेट्स 9000 रह गई है । उसके लिए प्लेटलेट्स की आवश्यकता है ।जिसका प्रोसेस पी आर पी ब्लड सेंटर में डोनेशन करवाएंगे उसे जल्द क्व+ ग्रुप के प्लेटलेट्स चढाने होंगे। जिस के बाद दिनेश बक्शी ने बिना देर किए रात्रि में ही पी आर पी ब्लड सेंटर पे जाके अपने प्लेटलेट्स दान किए। ज्ञात रहे कि दिनेश बक्शी जो कि रक्तदान व पर्यावरण के लिए काफी समय से काम करते है और राज्यपाल के साथ-साथ कई नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर सम्मानित हो चुके है। उनके द्वारा अब तक 135 ब्लड व 90 बार प्लेटलेट्स दान किए गए है।

# आटो रिक्शा में महिला के हाथों से सोने की चूड़ियां गायब, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में करनाल के सेक्टर-9 चौक पर एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है। महिला के अनुसार, वह जिम से लौटते समय ई-रिक्शा में बैठी थी, जिसमें पहले से ही कुछ सवारियां थीं। चालक ने उसे सेक्टर-12 तक छोडऩे की बात कही थी, लेकिन सेक्टर-9 पर ही उतार दिया। जब वह उतरी, तो उसके हाथ से सोने की चूडिय़ां गायब थी। महिला ने रिक्शा चालक और उसके साथ बैठे युवक पर शक जताया है। करनाल के सैनी कालोनी की इंद्रजीत कौर ने बताया कि वह आज सुबह 8:45 बजे सरा जिम से बाहर निकलीं। करीब 10 बजे उन्होंने सडक़ से एक लाल रंग का ई-रिक्शा लिया, जिसमें पहले से ही एक महिला गठरी लेकर बैठी थी। रिक्शा में दो अन्य सवारियां भी थीं, और चालक के पास एक युवक बैठा था। फिर अचानक सेक्टर-9 पर उतारा : इंद्रजीत कौर के अनुसार, कुछ दूर जाने के बाद ई-रिक्शा चालक ने कहा कि आगे बैठे युवक की टांग खराब है, इसलिए उसे पीछे बिठा लिया जाए। महिला ने सहमति जताई, और युवक पीछे बैठ गया। थोड़ी दूरी तय करने के बाद, सेक्टर-9 चौक पर महिला को उतार दिया गया, जबकि उसने रिक्शा सेक्टर-12 तक के लिए लिया था।उतरने के बाद पता चला कि हाथ से गायब थी चूड़ी जब महिला ई-रिक्शा से उतरी, तो उसने पाया कि उसके बाएं हाथ में पहनी दो सोने की चूडिय़ां गायब थी। चोरी हुई चूड़ी लगभग 8 तोले की थी। महिला ने रिक्शा चालक और उसके साथी पर शक जताया, क्योंकि उन्होंने बिना किराया लिए ही उसे उतार दिया था। पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच शुरू:महिला ने तुरंत सेक्टर-9 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

**मुकदमा दर्ज**

सेक्टर-32-33 में एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि मामला धोखाधड़ी और चोरी से जुड़ा हुआ है। मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जाएंगे, ताकि आरोपियों का कुछ सुराग लग सके।

## गीता केवल हमारी आस्था का ग्रंथ नहीं यह जीवन का ग्रंथः ज्ञानानंद

# दिव्य गीता के प्रवचन सुनकर भावविभोर हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल






श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से सेक्टर 12 मैदान में दिव्य गीता सत्संग का भव्य एवं विशाल आयोजन शनिवार को सम्पन्न हुआ। चार दिन तक चले समारोह में हजारों लोगों ने गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन मुख से श्रीमद्भागवत गीता के उपदेशों को सुना। भारतीय सनातन वैदिक नव वर्ष नव सम्वत के अभिनंदन के रूप में यह आयोजन गया। चतुर्थ दिवस पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र में हुआ युद्ध धर्म और अधर्म तथा सत्य और असत्य के बीच का निर्णायक युद्ध था। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप के दर्शन करवाए। भगवान ने अर्जुन को स्पष्ट कर दिया कि हे पार्थ मैं केवल तेरे रथ का सारथी नहीं हूं। पारथ तू ऐसा न सोच कि मैं केवल तेरे रथ के घोड़ों की लगाम हाथ में लिए हूं। भगवान कहते हैं, संपूर्ण धरा संपूर्ण ब्रह्मांड मेरे में है, मेरे से है और मेरे द्वारा है। जीवन भी मैं हूं और मृत्यु भी मैं हूं। महाकाल भी मैं हूं सबकी देखभाल भी हूं। सृष्टि का करता भी और हरता भी हूं, सब मेरे भीतर हैं और मैं इन सबके भीतर हूं। स्वामी ज्ञानानंद जी ने आगे कहा कि समस्त साहित्य का आधार और सार श्रीमद्भागवत गीता है। गीता केवल हमारी आस्था का ग्रंथ नहीं है, यह जीवन का ग्रंथ है। जीवन की सामग्र परिभाषा क्या है और समग्र रूप में एक परफेंक्ट लाइफ के रूप में कैसे जी सकते हैं इसकी प्रेरणा हमें गीता जी से मिलती है। सत्य मानो की गीता आपके हाथ में होगी आपके साथ होगी तो जीवन जीने का अभिप्राय समझ में आएगा। जीवन को जितना समझा है उससे आगे भी बहुत कुछ है। जीवन के साथ अपार संभावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हम अक्सर अपनी सोच के दायरे में बंध कर वंचित रह जाते हैं। वृत्तिया हमें जकड़ लेती हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, बृज गुप्ता, स्वामी प्रेममूर्ती, वीरेंद्र बंसल, पदम सेन गुप्ता, आरके सिंह, हैप्पी लक गुप्ता, हैप्पी बंसल, महेंद्र कुमार गर्ग, नरेश बंसल, अशोक चावला, सतपाल बंसल, दिनेश जिंदल, कुलदीप शर्मा, बृज शर्मा, शशिपाल मेहता, रेखा आनंद, रमेश गुप्ता, हरजीत लाडी आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### सीएससी सेंटर संचालक लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की वधावाराम कॉलोनी से सीएससी सेंटर संचालक अजय पुत्र रामकुमार वर्मा, संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वह दुकान जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन वह न तो दुकान पर पहुंचा और न ही घर लौटा। बारह दिन बाद भी वह घर नहीं आया। इसी बीच एक नंबर से कॉल कर उसने कहा कि वह वृंदावन में है, अब उसे कोई मत ढूंढना। पिता राजकुमार की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने अजय की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वृद्धा से पौने दो लाख की चेन छीनी

**पानीपत।** पानीपत के कृष्णपुरा में बाइक सवार दो बदमाशों ने संजय पार्क में शनिवार की सुबह सैर को जा रही 75 वर्षीय कृष्णा की सोने चेन झपट ली। बदामशों ने कृष्णा को रास्ता पूछने के बहाने रोका था। इसके बाद गले से 15 ग्राम वजन की सोने की चेन तोड़ ली। जिसकी कीमत पौने दो लाख रूपये है। वहीं जब कृष्णा ने एक बदमाश को पकड़ा तो दूसरे ने चाकू दिखाकर हत्या की धमकी दी। जिसके बाद दोनों बदमाश वहां से फरार हो गए। कृष्णा की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से जेवर और नगदी चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत शहर की विद्यानंद कॉलोनी निवासी चरणपाल के घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषणों समेत नगदी चोरी कर ली। चोरों चरणपाल के घर की रजिस्ट्री के कागजात भी चोरी कर ले गए। चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में चरणपाल ने बताया कि चोर घर से 20 हजार कैश और सोने-चांदी के आभूषण, 11 धातु की मूर्ति चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** सीआईए श्री ने गांव बोहली के सरकारी स्कूल में सामान चोरी करने वाले चौथे आरोपी दीपक उर्फ काली पुत्र ध्रुप प्रसाद निवासी गांव दुदई जिला कुशीनगर बिहाल हाल किरायेदार संजय कालोनी, गोहना रोड पानीपत को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि दीपक ने गांव बोहली के सरकारी स्कूल से सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले स्वीकारा है। वहीं, चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर पानीपत में केस दर्ज है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल ने 500 ग्राम चरस के साथ जोगिंदर उर्फ काला पुत्र रमेश वासी गांव शामडी जिला सोनीपत हाल किराएदार समालखा के वार्ड नंबर सात का कालीरमना पाना को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुमित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### पुलिस टीम ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस टीम ने 1 किलो 810 ग्राम गांजा के साथ सूरज पुत्र नंदू पासवान वासी गांव बगानपुर जिला नालंदा बिहार हाल किरायेदार गंगाराम कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 29 थाना प्रभारी एसआई सुभाष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जंच शुरू कर दी गई है।

### खो खो की विजेता टीम का स्वागत

**समालखा।** कुरुक्षेत्र में जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें हरियाणा की ओर से बालक व बालिका टीम ने भाग लिया। जिला खो खो संघ के महासचिव रवीन्द्र सिंह ने दोनों टीमों की जानकारी देते हुए बताया कि बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला राजस्थान से हुआ तथा हरियाणा प्रदेश की बालिका वर्ग टीम ने एक तरफा मात देते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला उत्तर प्रदेश से हुआ इसमें हरियाणा के टीम ने चार अंक से यह मुकाबला जीत कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

---

### महोत्सव में खंडेराव परी सांग ने किया मंत्रमुग्ध

# हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है सांग : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के प्रसार-प्रचार में प्रदेश की अग्रणी संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेन्द्र फौगाट के निर्देशन में तीन दिवसीय सांग महोत्सव का शनिवार को दूसरा दिन रहा जिसमें बतौर मुख्यअतिथि हरपाल ढांडा ने शिरकत की। अतिविशिष्ट अतिथि राजेश गोयल प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा और महेंद्र कंसल प्रांत गौसेवा प्रमुख ने कार्यक्रम में भाग लिया। विशिष्ट मेहमानों में धर्मवीर पाढा प्रसिद्ध समाजसेवी, राजेश सिंगला समाजसेवी करनाल और बिजेंद्र कादियान पूर्ण मंत्री ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दूसरे दिन श्री राम शरण एंड पार्टी ने 'खंडेराव परी' सांग की हृदय स्पर्शी प्रस्तुति देकर



एसडी कॉलेज में सांग का अवलोकन करते हुए प्रदेश भर से आए अथितिगण।

सभी को अभिभूत कर दिया। मेहमानों का स्वागत दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा और कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पौधे रोपित गमलें भेंट करके किया। सांग महोत्सव में दूर-दराज गावों से आये हुए बुजुर्ग और हरियाणवी संस्कृति को जानने-समझने वाले दर्शक इस सम्पूर्ण आयोजन से गदगद नज़र आए। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने सभी आमजनों और युवाओं से आग्रह किया किवे कॉलेज में पधार कर इन प्रस्तुतियों को देखे और कॉलेज को अनुग्रहित करें। मंच संचालन दीपक शर्मा ने किया। पानीपत के परम संत श्री परशुराम ने इस संस्था को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं संप्रेषित की। इधर, हरपाल ढांडा ने सांग परंपरा के महत्व पर बोलते हुए कहा कि सांग हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती आई है। सांग एक लोक नाट्य और नृत्य-संगीत का रूप हैजिसमें अभिनय, गीत, संगीत और नृत्य का समावेश होता है।सांग केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैबल्कि यह सामाजिक मुद्दों, धार्मिक कथाओं और लोक कथाओं को भी उजागर करता है। इसने हरियाणवी भाषा के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैंक्योंकि इसमें हरियाणवी भाषा में गीत, संवाद और लोककथाएं शामिल हैं। सांग के माध्यम से सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वासों और कुरीतियों के खिलाफ संदेश दिए जाते हैं। आजकल कुछ लोग सांग परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयासरत हैंताकि यह लुप्त न हो जाए और इसमें हरियाणा कला परिषद् रोहतक मंडल एवंदादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट (रजि.) पानीपत जो भूमिका निभा रही है वह काबिल-ए-तारीफ़ है। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, जसमेर गौतम, कंवरभान शर्मा, नरेंद्र गर्ग, उम्मेद कवि, दिनेश जून, रामलाल भाटिया, कुलदीप रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

---

*कार्यशाला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई*

# पानीपत में होगी भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला : भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय है कि बहुत ही सीमित अवधि के दौरान पहले लोकसभा चुनाव में फिर विधानसभा चुनाव में और अब नगर निगम एवं स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने जीत का इतिहास रचा है। यह कीर्तिमान स्थापित करने में भाजपा के हर कार्यकर्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने बताया कि दो व तीन अप्रैल को समालखा के सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र पट्टीकल्याणा में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोलान सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल संतोष, ऊर्जा एवं शहरी विकास केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पुनिया, हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शामिल होंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न जिलों के भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता भी भाग लेगे। इस कार्यशाला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई है।

---

# रेखा संजय गोयल ने विधायक भड़ाना का आभार जताया

**समालखा।** विधायक मनमोहन भड़ाना द्वारा विधानसभा में समालखा नगर पालिका को नगर परिषद बनाने का मामला उठाया जाने पर जहां भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने विधायक मनमोहन भड़ाना का आभार जताया है। वहीं समालखा नगर पालिका से नगर परिषद बनाने बारे शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा संजय गोयल ने सचिव नगर पालिका से इस बारे बातचीत की एवं जानकारी ली। सचिव ने उन्हें बताया कि उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में समालखा नगर पालिका को नगर परिषद बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दी गई है। यह सब विधायक मनमोहन भड़ाना के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। वहीं, भडाना ने कहा कि समालखा नगर परिषद को समस्या मुक्त करने के लिए सशक्त कदम उठाए जाएंगे।



विधायक मनमोहन भड़ाना का आभार जताते हुए रेखा संजय गोयल।

---

# जल व पर्यावरण का संरक्षण करें नागरिक

■ जल एवं पूरी प्रकृति जीवन के लिए अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता के लिए विशेष आयोजन निर्मला देशपांडे संस्थान द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनोहर मानव विशिष्ट अतिथि रहे। जल और पर्यावरण के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके संरक्षण को मानव जीवन का परम कर्तव्य बताया। मनोहर मानव ने कहा कि जल एवं पूरी प्रकृति जीवन के लिए अमूल्य धरोहर है। यह केवल संसाधन नहीं,



**पानीपत।** जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित बैठक में शिरकत करते हुए अथितिगण।

बल्कि हमारी सभ्यता और अस्तित्व का आधार है। इसका संवर्धन करना हम सबका परम धर्म है। यदि हम आज इसकी रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को एक निर्जन और असंतुलित विश्व सौंप देंगे। निर्मला देश पांडे संस्थान ने एक संकल्प लिया कि वे जल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहेंगे। संस्थान के निदेशक राम मोहन राय एडवोकेट ने बताया कि यह आयोजन एक व्यापक अभियान का हिस्सा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के स्वयंसेवकों और हाली अपना स्कूल का विशेष योगदान रहा। सभी प्रतिभागियों ने जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास करने की शपथ ली। इस अवसर पर माता सीता रानी सेवा संस्था की महासचिव पूजा सैनी, हाली अपना स्कूल की मुख्याध्यापिका प्रिया लूथरा तथा अमानत मसीह ने भी अपने विचार रखे।

---

### सेकुरा टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर भार्गव भट्ट ने प्रमोद विज को सम्मानित किया

# *महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र का विकास : प्रमोद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अवध धाम मंदिर में तीन महीनों से चल रहे महिला सशक्तिकरण सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का अवध धाम मंदिर कुटानी रोड पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक प्रमोद विज नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी पानीपत टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट हेड भार्गव भट्ट, भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता एवं डीएपी सतीश वत्स, डीएसपी राजवीर सिंह ने शिरकत की। वहीं, विधायक प्रमोद विज ने कहा कि आज देश बदल रहा है देश में महिलाओं की स्थिति बहुत ही मजबूत हो रही है। महिलाओं का



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज को सम्मानित करते हुए दाऊजी महाराज।

जीवन स्तर सुधार रहा है और जिस देश में महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने लगे महिलाओं के अंदर आत्मबल आने लगे महिला अपने पैरों पर खड़े होकर सब रोजगार के द्वारा परिवार का लालन-पालन करने लगे तो समझो वह राष्ट्र उन्नति के शिखर पर है। हमारे भारत देश में भी यही सब हो रहा है। महिला सशक्तिकरण पर काम किया जा रहा है और निश्चित तौर पर महिला मजबूत भी हो रही है पानीपत टोल प्लाजा के द्वारा अवध धाम मंदिर में 3 महीने से चल रहे सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का आज समापन हुआ इस पर में टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट हेड भार्गव भट्ट को एवं टोल कंपनी को बधाई देता हूं। जो मानव सेवा के लिए हमेशा निरंतर प्रयासत रहती है एवं सेवा के प्रकल्पों को चलती रहती है इस अवसर पर सेकुरा टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर भार्गव भट्ट ने प्रमोद विज को स्मृति चिन्ह एवं पटका पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दाऊ जी महाराज, संघ विचारक महेंद्र कंसल, चेयरमैन डॉ. रमेश चुग, प्रधान रमेश माटा, पार्षद कमल अरोड़ा, पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर, पार्षद अमित नारंग, पार्षद रजनी सुरेंद्र गर्ग, पार्षद रोकी गहलोत, प्रीतम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

---

# इंसान को अंधेरी दुनिया में ले जाती है नशे की लत: डॉ. मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब द्वारा संयोजक प्रोफेसर अजय पाल सिंह के निर्देशन में 'ड्रग्स एब्यूज व ड्रग्स एडिक्शन' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, डॉ. सुनीत शर्मा, यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के संयोजक प्रोफेसर अजय पाल सिंह, डॉ. निधान सिंह, डॉ. शर्मिला यादव व प्रोफेसर पवन कुमार द्वारा किया



**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक के साथ विजेता विद्यार्थी।

गया। वहीं, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि समाज को इस प्रकार के मादक पदार्थों और आपूर्तिकर्ताओं का बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका जीवन अनमोल है, इसे नशे की चपेट में आकर बर्बाद न करें। नशा न केवल आपके भविष्य को अंधकारमय बना सकता है बल्कि आपके परिवार और समाज पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें स्वयं को नशे से बचाने के साथ-साथ अपने साथियों को भी इस दलदल में गिरने से रोकना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आज हमें शपथ लेनी चाहिए। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सौरभ (बीसीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम, हिमांशु (बीसीए प्रथम वर्ष) और पल्लवी (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय, सनी (बीबीए द्वितीय वर्ष) और तनु (बीबीए प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दक्ष (बीकॉम तृतीय वर्ष) और कृतिका (बीकॉम तृतीय वर्ष) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

---

# जहरीली शराब से दूसरे मजदूर की भी मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव बिजावा में जहरीली शराब पीने से एक और मजदूर की मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजकुमार निवासी मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के जसवंतपुर गांव निवासी और बुलंदशहर के गांव साहनपुर का रहने वाले बंटी के रूप में हुई है। राजकुमार की शुक्रवार को मौत हुई थी, जबकि बंटी ने शनिवार को दम तोड़ा है। इधर, थाना इसराना पुलिस जहरीली शराब बेचने वाले का पता लगाने में जुटी हुई है। दूसरी ओर, बिहार निवासी विकास ने बताया कि वह जसवंतपुर, मध्य प्रदेश निवासी राजकुमार और बुलंदशहर, यूपी निवासी बंटी के साथ मजदूरी करता है। एक सप्ताह पहले तीनों बिजावा आए थे। गुरुवार को बंटी ककौदा गांव से कच्ची शराब लेकर आया था। राजकुमार और बंटी ने गुरुवार देर रात तक शराब पी। शुक्रवार सुबह वह दोनों को उठाने के लिए



गया तो वे बेहोश मिले। दोनों को एनसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ महिपाल सिंह ने बताया की खाली बोतल को जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं, परिजनों ने बताया कि बुलंदशहर के गांव साहनपुर का रहने वाला बंटी, खाली बोतल में शराब लेकर आया था। उसने अपने साथी राजकुमार के साथ शराब पी। एक और मजदूर विकास भी था, जिसने एक पेक लिया। सुबह विकास ने देखा कि राजकुमार और बंटी एक ही खाट पर अचेत पड़े हैं। उसने दोनों को जगाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं हिले। विकास ने तुरंत मकान मालिक को सूचित किया। मकान मालिक दोनों को एनसी मेडिकल कॉलेज ले गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। बंटी की हालत गंभीर बनी हुई थी। जिसकी आज मौत हो गई।

---

### इनेलो की बैठक हुई

**पानीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल यानि इनेलो के जिला कार्यालय में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने की। बैठक में इनेलो नेता हेमराज जागलान, मनोज जौरासी, रामकुमार नंबरदार, रामकुमार सहरावत, शमशेर सिंह देशवाल राजेंद्र जागलान, सुनीता शर्मा, लखपत रोड़, विमला देवी, महावीर नंबरदार, अमन मांडी, राजू नांदल, रविन्द्र राठी आदि लोग मौजूद रहे।

---

*मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया*

# सकारात्मक सोच के बल पर मिलती है सफलताः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल परिसर में वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में लोकेंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक ने मुख्यातिथि रूप में शिरकत की। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों और



डीएवी पीपी स्कूल के मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

सांस्कृतिक गतिविधियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने मुख्यातिथि लोकेंद्र सिंह अभिनंदन किया। वहीं, समारोह में अभिभावकों एवं पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना द्वारा की गई। तदुपरांत राजस्थानी समूह नृत्य, हरियाणवी नृत्य, भांगड़ा की प्रस्तुति द्वारा चमकते सितारों ने सभी को भावविभोर किया। मुख्यातिथि लोकेंद्र सिंह ने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण की हार्दिक बधाई दी और साथ-ही-साथ स्कूल की गतिविधियों की सराहना की। सकारात्मक सोच के बल पर मिलती सफलता है।

---

### दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में पुरस्कार बांटे

**समालखा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र.छात्राओं को विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ.अजीत भारद्वाज, प्रबंधक समिति के सदस्यगण, अध्यापकगण एवं अभिभावकों द्वारा सम्मानित किया।

---

### हर वर्ष सबसे अच्छे स्वयंसेवकों को एनएसएस पुरस्कार से भारत के राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाता है

*शोधकर्ताओं द्वारा लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए*

# भारत को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है एनएसएस

### एसडी कॉलेज में बहुविषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन, विभिन्न राज्यों के 160 एनएसएस अधिकारियों व शोधकर्ताओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियानन सरकार द्वारा प्रायोजित दिवसीय बहु विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिकाः चुनौतियां और अवसर' रहा। कांफ्रेंस में विभिन्न राज्यों के 160 एनएसएस अधिकारियों, शोधकर्ताओं, स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया और लगभग 100 शोध पत्र प्रस्तुत किये। कांफ्रेंस का उदघाटन एवं की-नॉट भाषण डॉ. आनंद कुमार एनएसएस प्रोग्राम समन्वयक कुरुक्षेत्र





**पानीपत।** एसडी कॉलेज पानीपत में बहु विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस में आए अथितियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा, आदि व राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश भर से आए आए शिक्षाविद्। फोटो :हरिभूमि

विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने किया। अतिविशिष्ट उपस्थिति में कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कांफ्रेंस की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग और डॉ संतोष कुमारी ने किया। एक दिवसीय कांफ्रेंस के संरक्षक कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, संयोजक डॉ. अनुपम अरोड़ा, आयोजन सचिव डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी और सलाहकार समिति शरवण राम क्षेत्रीय निदेशक एनएसएस दिल्ली, डॉ. दिनेश कुमार स्टेट एनएसएस ऑफिसर हरियाणा, डॉ. आनंद कुमार एनएसएस प्रोग्राम समन्वयक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और प्रो भगत सिंह एनएसएस प्रोग्राम समन्वयक हरियाणा कृषि विश्वविधालय हिसार रहे। कांफ्रेंस को राजीव गर्ग उप-प्रधान, महेंद्र अग्रवाल जनरल सेक्रेटरी और विशाल गोयल कोषाध्यक्ष का भी भरपूर सहयोग रहा। मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया। डॉ आनंद कुमार ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों और सामुदायिक सेवा में उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। युवा एनएसएस स्वयं सेवकों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने का अवसर मिलता है। स्वयं सेवकों के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना की जरूरतों को पूरा करने के लिए एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों और कार्यक्रम समन्वयकों को प्रोत्साहित करना भी एनएसएस का मूल उद्देश्य है।

### समाज के हित के कार्य करते हैं विद्यार्थी

*शिक्षित और अशिक्षितों के बीच की दूरी को मिटाना और समुदाय के कमजोर वर्ग की सेवा के लिए स्वयं में इच्छाएं जागृत करना एनएसएस का प्रमुखतम उद्देश्य है। जिस छात्र-छात्रा ने एनएसएस को हृदय से अपना लिया तो उसका उद्धार और भविष्य दोनों उज्जवल है। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्री य सेवा योजना (एनएसएस) राष्ट्रप की युवाशक्ति के व्यमक्तिात्वा विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकारद्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थीसमाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य, एवं सफाई, आपात काली नया प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ीत लोगों की सहायता आदि कार्य एनएसएस स्वयंसेवकों के पाठ्यक्रम का हिस्सा है। विद्यार्थी जीवन से ही समाजपयोगी कार्यों में रत रहने से स्वयंसेवकों में समाज सेवाया राष्ट्रस सेवा के गुणो का विकास होता है। हर वर्ष सबसे अच्छे स्वयंसेवकों को एनएसएस पुरस्कार से भारत के राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया जाता है।*

# पूर्व मंत्री ने सुनीं समस्याएं, अफसरों को समाधान के आदेश

## विधायक निर्मल सिंह बोले अब खत्म होगी एनडीसी की दुकानदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के विधायक एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह भी अब एक्शन में दिख रहे हैं। शनिवार को निर्मल सिंह ने अंबाला शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सभी समस्याओं के समाधान के आदेश दिए है। निर्मल सिंह ने साफ कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अगर अफसर जानबूझकर या फिर सियासी दबाव में लोगों की समस्याओं की अनदेखी करेंगे तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।


अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व विधायक निर्मल सिंह। फोटो : हरिभूमि

### सफाई और एनडीसी बड़ी समस्या

विधायक निर्मल सिंह के समक्ष मौजूदा निगम सदस्यों के साथ ज्यादातर नागरिकों ने रिहायशी कॉलोनियों में सफाई की समस्या रखी। इसके अलावा काफी लोगों ने एनडीसी की समस्या से भी राहत दिलवाने का आग्रह किया। लोगों ने बताया कि रिहायशी कॉलोनियों में सफाई बेहाल है। न तो रिहायशी भवनों से कूड़ा उठाया जा रहा है न ही सार्वजनिक स्थलों से गंदगी उठाई जा रही है। इसी वजह से ज्यादातर कॉलोनियों में गंदगी के ढेर लगे हैं। छोटे बड़े नाले-नालियां भी गंदगी से अटी पड़ी हैं। नगर निगम के अधिकारी इस बेसिक समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस समस्या की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ज्यादातर लोगों का आरोप है कि सफाई के मामले में जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। पर्याप्त सफाई कर्मचारी न होने की वजह से शहर में पूरी तरह से स्वच्छता नहीं हो पा रही है। इसी तरह लोगों ने विधायक निर्मल सिंह के सामने एनडीसी का रोना भी रोया। लोगों ने बताया कि एनडीसी उनके लिए जी का जंजाल बन चुकी है। लोगों ने विधायक निर्मल सिंह से एनडीसी की समस्या के स्थायी समाधान का आग्रह किया । लोगों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि जनता की हर समस्या के समाधान के लिए वे पूरी ताकत के साथ मैदान में व विधानसभा में लड़ाई लड़ेंगे । उन्होंने कहा कि जनता से अब किसी तरह की लूट बर्दाश्त नहीं होगी। एनडीसी के नाम पर चलने वाली दुकानदारी खत्म होगी। चाहे जो भी लोग इस दुकान को चला रहे हैं उन्हें अब उन्हें अपना धंधा बंद करना होगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि पता चला है कि कुछ सियासी लोगों की शह पर यह धंधा चल रहा था। मगर अब अफसरों को भी संभलना होगा। उन्होंने कहा कि अगर एनडीसी की एवज में किसी अफसर या फिर कर्मचारी ने किसी व्यक्ति से एक पैसा भी लिया तो उसे अपनी नौकरी से हाथ धोकर इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी कर्मचारी व अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। जनता के हित में हर संभव फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे निरंतर शहर की जनता के समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी से पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## खबर संक्षेप


अंबाला। चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल व रोहित उर्फ नन्नु और आरोपी चंचल को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की चार वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। बंगाली मोहल्ला के अशोक कुमार ने 5 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कर्णपुरी कॉलोनी में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर आरोपी सामान चोरी कर ले गए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चैटजीपीटी के उपयोग पर कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला।** कॉलेज के गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा एक्सेल में चैटजीपीटी का उपयोग पर संकाय विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। सहायक प्रोफेसर नीलम कैशवर इस एफडीपी के लिए संसाधन व्यक्ति थे। विभिन्न सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के एकीकरण ने उपयोगकर्ताओं द्वारा डेटा के साथ बातचीत और विश्लेषण करने के तरीके को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। ऐसा ही एक एआई उपकरण चैटजीपीटी है, जो ओपनएआई द्वारा विकसित एक प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण मॉडल है।

### स्कूल को दिया 5100 रुपये का चेक

**अंबाला।** अनमोल किड्स स्कूल बलाना के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें महेश दत्त विशिष्ट सचिव सनातन मंच सेवा सभा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य बलविंद्र कौर ने सभी को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों की माताओं को भी सम्मानित किया गया। सभी ने उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डोडा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार किया

**अंबाला।** 53 किलोग्राम डोडा तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। 28 मार्च 2025 को नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने यूपी के आरोपी नासीर खान को गिरफ्तार किया । 5 मार्च 2025 को एंटी नारकोटिक सैल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह स्कोर्पियो गाडी में डोडा चूरापोस्त भरकर एनएच-44 होते हुए मोहडा के पास से गुजरेगा। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया था। तलाशी लेने पर पुलिस ने गाडी की डिग्गी से 53 किलो 200 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया था। आरोपी की पहचान शाहाबाद के किशनगढ़ वासी सतिंद्र सिंह के रूप में हुई थी।

### बराड़ा में स्वयंसेवकों ने स्कूल की सफाई की

**बराड़ा।** गांव उगाला में स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा भगवान के स्मरण और एनएसएस गीत से की गई। इसके बाद स्वंयसेवकों ने विद्यालय प्रांगण की सफाई की। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा ने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन दिया और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, सेवा और अनुशासन का संदेश दिया। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

## 13 महीने बाद हुई वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में लिया निर्णय

# विकास के लिए हर वार्ड को मिलेंगे 1-1 करोड़ मरम्मत कार्यों पर खर्च होंगे 25-25 लाख रुपये

- सड़कों के निर्माण पर सबसे ज्यादा 75-75 लाख होंगे खर्च
- संभवत डंगडेहरी गांव में हाउस की पहली मीटिंग हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अच्छी खबर

अंबाला शहर के सभी 20 वार्डों को अब विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये का फंड जारी करने का निर्णय लिया गया। बीते रोज नगर निगम में वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रत्येक वार्ड में सड़कों के निर्माण के लिए 75-75 लाख रुपये मिलेंगे जबकि मरम्मत कार्य के लिए 25-25 लाख की राशि भी हर वार्ड को मिलेगी।




### विकास कार्यों पर चर्चा

उधर मीटिंग में नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने अगली हाउस की बैठक शहर की बजाय निगम के किसी गांव में रखने की इच्छा जताई है। संभवत डंगडेहरी गांव में हाउस की पहली मीटिंग हो सकती है। बैठक में सड़कों को बनाने, मरम्मत कार्य सहित अन्य कई प्रस्ताव पर मोहर लगी। इसके साथ ही शहर में अटके विकास कार्यों को भी पूरा करने के लिए चर्चा हुई। वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक की चेयरमैन मेयर शैलजा सचदेवा हैं। समिति में उप चेयरमैन डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा व निगम सदस्य हितेश जैन व राजिंद्र कौर भी कमेटी के सदस्य हैं।

### 150 करोड़ से ज्यादा का सालाना बजट

उधर मीटिंग में वार्ड-11 की पार्षद राजिंद्र कौर ने बताया कि वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में उन्होंने अपने वार्ड कई मुद्दे रखे हैं। उन्होंने बैठक में मांग उठाई कि रामदास नगर, लिहारसा, महावीर नगर के तालाब की चारदीवारी की जाए। वार्ड में बांके बिहारी से लेकर उत्तम सिंह के घर तक 2023 में गली पास हुई थी। यह गली अभी तक नहीं बनी। इसे बनाया जाए। बड़ी घेल गांव में मनोरंजन रूम बनाया जाना है। 2023 में पास होने के बाद भी अभी तक नहीं बना। इसके साथ ही रामदास नगर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक नहीं बनाया जा रहा। यह वित्त समिति की बैठक में भी पास हो चुका है। कालू माजरा रोड पर सामुदायिक भवन बनाने के लिए कहा गया था। निगम की ओर से अभी तक बजट पास नहीं किया गया। बता दें कि शहर के विकास कार्यों पर 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निगम की ओर से करीब 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का सालाना बजट तैयार किया गया है। इस बजट पर भी समिति की ओर से चर्चा की गई।

## छोटी खबरें

### एंटी नारकोटिक सैल ने हेरोइन तस्करी में दो को पकड़ा


अंबाला। हेरोइन तस्करी में संलिप्त आरोपी काबू।

अंबाला। थाना बलदेव नगर मे दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी अमनदीप सिंह उर्फ अमन उर्फ अप्पू को गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया था कि अमृतपाल भी इस मामले में संलिप्त है। जांच टीम ने आरोपी अमृतपाल सिंह को भी गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों कोर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने काकरू मोड से आरोपी अमनदीप को 51 ग्राम 30 मिलिग्राम हेरोइन समेत काबू किया था। आरोपियों पर बलदेव नगर थाने में केस दर्ज किया गया है।


मुलाना। संतों की प्रतिमाताओं को भ्रमण करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### वाल्मीकि व नामदेव की प्रतिमाओं को करवाया नगर भ्रमण

मुलाना। भारत माता मंदिर में नव संवत्सर के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के तहत भगवान वाल्मीकि एवं संत शिरोमणि नामदेव की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इससे पूर्व प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया ।इसका शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारी सदस्य मोनिका कालड़ा ने किया । यहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रभु की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। नव संवत्सर के शुभ अवसर पर प्रथम नवरात्र, 30 मार्च की सुबह हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके पश्चात भजन-कीर्तन एवं मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सुबह 10 बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा । इसमें ब्रह्मर्षि बावरा आश्रम विराट नगर पिंजोर से डॉ. अमृता दीदी जी महाराज का पावन सानिध्य रहेगा । प्रदेश के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री संतोष सारवान करेंगी। मुख्य वक्ता के तौर पर उत्तर क्षेत्र संयोजक सामाजिक समरसता मंच से प्रमोद कुमार रहेंगे। समापन पर भंडारे का आयोजन होगा।

### रामनवमी व परशुराम जयंती पर निकालेगी शोभायात्रा


अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला। रामनवमी तथा परशुराम जयंती पर भगवान परशुराम गौशाला से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस उपलक्ष्य में एक मीटिंग भगवान श्री परशुराम गौशाला में राजेंद्र कौशिक मुख्य सलाहकार तथा देवी लाल शर्मा प्रधान द्वारा बुलाई गई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि मास अप्रैल में आने वाली श्रीराम नवमी तथा भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर अंबाला में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर शशिपाल शर्मा प्रधान ठाकुर द्वारा मंदिर पंजोखरा, संदीप कुमार वशिष्ठ, तरसेम पाल शर्मा, युडी शर्मा, दीपांशु गुप्ता, मुकेश कुमार शर्मा कैशियर, पं लोकेश कुमार शर्मा, डा. कपिल कुमार शर्मा आदि अनेक संस्थाओं के संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहमति जताई। कार्यक्रम व्यवस्था को ड्यूटियां लगाई गई।

### छेड़छाड़ के केस में दुकानदार दोषमुक्त, कोर्ट ने किया बरी

अंबाला। महिला से छेड़छाड़ क मामले में अदालत ने दुकानदार राकेश विग को दोषमुक्त करार दे दिया है। विग का आरोप है कि रंजिशन उसे झूठे केस में फंसाया गया था। अदालत ने अपने फैसले से यह साबित कर दिया है। दुकानदार राकेश विग ने बताया कि अंबाला शहर की पटेल मार्केट स्थित एक दुकान नंबर 9 कृष सूद उर्फ कशिश ने किराये पर ली थी। विग ने बताया कि उसने एग्रीमेंट से छेड़छाड़ करके जाली रसीदें बना ली थी। जब दुकान मालिक राकेश विग को इसका पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दी थी। तब पुलिस ने आरोपी कृष के खिलाफ साजिशन धोखाधड़ी करने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में कृर्ष सूद उर्फ कशिश व उसके भाई अनुभव सूद को भी आरोपी बनाया था। विग का आरोप है कि 20 फरवरी 2023 को दर्ज हुए इस केस को वापिस लेने के लिए कृष लगातार दबाव बना रहा था। उसके खिलाफ लगातार शिकायतें भी दी गई। विग की मानें तो ज्यादातर शिकायतें झूठे पाई गई। इसके बाद कृष ने साजिश के तहत एक महिला से मिलकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया था। पर्याप्त सबूत न होने की वजह से कोर्ट ने उसे बरी कर दिया है।

### पूर्व पुलिस ऑफिसर्स वेलफेयर एसो.के अध्यक्ष बने अश्वनी

अंबाला। पूर्व पुलिस ऑफिसर्स सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक मीटिंग शनिवार को संपन्न हुई। एसोसिएशन की दोबारा जिम्मेदारी अश्विनी कुमार को सौंपी गई। पिछली मीटिंग में इस एसोसिएशन का प्रधान व अन्य पदाधिकारियों चुनने के लिए एक मास का समय दिया गया था। मीटिंग में सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार को प्रधान नियुक्त किया। सभी सदस्यों ने अश्वनी शर्मा को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रधान अश्वनी शर्मा ने अपनी पिछली कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को दोबारा नियुक्ति प्रदान करते हुए कहा कि वे विश्वास दिलाते हैं कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गई है उसे वे पिछले कार्यकाल से भी बेहतर तरीके से निभाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की सेवानिवृत कर्मचारियों को 80 वर्ष की आयु में एकमुश्त 20 प्रतिशत की पेंशन वृद्धि न देकर क्रमशः 60, 65,70,75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर प्रत्येक पांच वर्ष के पश्चात 5 प्रतिशत की वृद्धि प्रदान की जाए। इस मीटिंग में फूल कुमार, वीरेंद्र कुमार, ताराचंद, ओमप्रकाश शर्मा, राजेंद्र कुमार कौशिक, चंद्र प्रकाश शर्मा, राम कुमार शर्मा, मनमोहन सिंह, गुलजार सिंह, तेजिंद्र कुमार, रणधीर सिंह, संतोख सिंह, बलबीर सिंह राठी, राज बल सिंह, रमेश चंद्र, रामचंद्र, इकबाल सिंह, मदन सिंह, जसमेर सिंह, देशराज, बलदेव कृष्ण, राजपाल सिंह, महेश कुमार, अशोक शर्मा, शिवराम शर्मा, देवेंद्र पाल, वेद प्रकाश, जगन्नाथ, बलदेव सिंह, यशपाल सिंह, कुलदीप चंद, बाबू राम शर्मा, चंद्र पाल ने भी हिस्सा लिया।

### बेटी बचाओ व नशा मुक्ति को लेकर किया जागरुक

बराड़ा। एमपीएन कॉलेज में चल रहे एनएसएस कैंप के पांचवे दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगाभ्यास किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने प्रो. जयभगवान के नेतृत्व में सिरसगढ़ गांव में जागरूकता रैली निकाली जिसमें उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर संदेश दिया गया। ग्रामीणों को इन सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयंसेवकों ने नारे लगाए और उनसे संवाद किया। दोपहर के सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार ने शिरकत की। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को समाज सेवा में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भोजन के उपरांत स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें गीत, नृत्य और नाट्य प्रदर्शन शामिल रहे। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मी मौजूद रहे।



## डॉ. रामचंद्र गुहा की स्पीकिंग विद नेचर पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

डॉ. रामचंद्र गुहा की पुस्तक स्पीकिंग विद नेचर का विमोचन गवर्नमेंट संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी में हुआ। इसका आयोजन चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) ने हार्पर कॉलिंस पब्लिशर्स के सहयोग से किया था। सीएलएस की चेयरपर्सन डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि स्पीकिंग विद नेचर उस कथा को चुनौती देता है कि भारत जैसे देश 'हरित होने के लिए बहुत गरीब' हैं, जो वैश्विक पर्यावरण आंदोलन के एक लगभग अज्ञात पूर्व-इतिहास का खुलासा करती है। यह पुस्तक भारत की गहराई से जुड़ी पर्यावरण संबंधी जागरूकता का प्रमाण है, जो सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक आवश्यकताओं के प्रतिक्रियास्वरूप विकसित हुई है। डॉ. रामचंद्र गुहा और ज्योति मल्होत्रा के बीच एक आकर्षक संवाद हुआ, जिसमें उन्होंने भारत की पर्यावरण चेतना की अनकही कहानी पर प्रकाश डाला। स्पीकिंग विद नेचर भारतीय पर्यावरणवाद की ऐतिहासिक और दार्शनिक नींव पर प्रकाश डालता है, जिसमें दस अग्रणी विचारकों के योगदान को उजागर किया गया है। जिनमें रबींद्रनाथ टैगोर, राधाकमल मुखर्जी, जेसी कुमारप्पा, पैट्रिक गेड्स, अल्बर्ट और गेब्रियल हावर्ड, मीरा (मेडलीन स्लेड), वरियर एल्विन, केएम मुंशी और एम कृष्णन शामिल हैं।

### नेशनल हाइवे पर 31 मार्च रात से महंगा हो जाएगा सफर

# 5 से 25 रुपये तक अतिरिक्त शुल्क देना होगा

**अंबाला।** एक अप्रैल से नेशनल हाईवे पर सफर करना महंगा हो जाएगा। अंबाला से गुजर रहे दिल्ली-अमृतसर व चंडीगढ़-हिसार नेशनल हाईवे पर बने टोल प्लाजा पर 31 मार्च की रात टोल टैक्स के रेट बढ़ जाएंगे। दिल्ली-अमृतसर हाईवे पर घग्गर टोल प्लाजा और चंडीगढ़-हिसार हाईवे पर सैनी माजरा टोल प्लाजा दोनों से गुजरते हुए वाहन ड्राइवरों को 5 रुपए से लेकर 25 रुपए तक ज्यादा शुल्क देना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग ऑर्थोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारी सचिन चौधरी के अनुसार 31 मई की रात 12 बजे से ही नई दरें लागू हो जाएंगी। इसके साथ ही सभी टोल प्लाजा पर नई दरें चस्पा कर दी गई हैं ताकि यात्री के मन में कोई भी भ्रांति न रहे।

### सैनी माजरा टोल की नई दरें


अंबाला। सैनी माजरा टोल प्लाजा की फाइल फोटो।

अंबाला से कैथल की ओर जाने के लिए सैनी माजरा टोल प्लाजा से होकरगुजरना पड़ता है। यहां एक अप्रैल से नई दरें लागू होगी। कार की नई दर एकल यात्रा के लिए 105 रुपये है। वहीं दो तरफा के लिए 155 देने होंगे। मिनी बस को 165 एक तरफ के लिए वहीं, दोनों तरफ के लिए 250 देने पड़ेंगे। ट्रक/बस 2 एक्सेल को 350 देने होंगे। वापसी के लिए 525 रुपए देने होंगे।

### घग्गर टोल पर यह करना होगा भुगतान

दिल्ली- अमृतसर जाने के लिए घग्गर टोल प्लाजा से गुजरना पड़ता है। यहां से गुजरने वाली कारों को एक तरफा के लिए 125 तो वापसी के लिए 185 रुपए, मिनी बस को 200 तो वापसी के लिए 300 देने होंगे। ट्रक/बस 2 एक्सेल को 415 रु वापसी पर 625 रुपए देने होंगे।

### प्रॉपर्टी डीलर की गाड़ी पर फायरिंग करने के आरोप में दो छात्र काबू

- पूछताछ के लिए लिया सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा
- गैंगस्टर वैकेंट गर्ग के इशारे पर फायरिंग करने का आरोप

नारायणगढ़। प्रॉपर्टी डीलर ललित के घर के बाहर खड़ी गाड़ी पर 21 मार्च को गोलियां चलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू कर लिया है। इन आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र के भुस्थला के वीरेंद्र प्रताप उर्फ नोनू व नूंह के मोहम्मद शमीन के रूप में हुई है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने कार पर तीन गोलियां चलाई थी। दोनों आरोपी वेंकट गर्ग के गुर्गे बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। नारायणगढ़ पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ का जिम्मा सीआईए को सौंप दिया है। नारायणगढ़ थाना प्रभारी ललित ने बताया कि दोनों आरोपियों ने वेंकट गर्ग के कहने पर गोली चलाई थी। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपी कालाअंब स्थित एक कॉलेज के छात्र हैं। यहां वे पीजी में रहते थे। गोलियां चलाने के बाद से पुलिस आरोपियों से पीछे लगी हुई थी।

## प्रथम नवरात्र पर सुबह पांच बजे ध्वजा परिकर्मा निकाली जाएगी

# चैत्र नवरात्र आज से शुरू, सजे मां के दरबार

- श्री ज्वाला माता मंदिर में आज श्रीरामायण का होगा पाठ
- मंदिरों में नौ दिनों तक गूंजेंगे ममतामयी मां दुर्गा के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चैत्र नवरात्र का रविवार से शुभारंभ हो रहा है। नवरात्रों को लेकर प्रदेशभर में स्थित मां के मंदिर आकर्षक रूप से सजा दिए गए हैं। मंदिरों के बाह्य व भीतरी भागों को आकर्षक लड़ियों व झालरों से आकर्षक एवं भव्य रूप देकर सजा दिया गया।

इसी कड़ी में शहर स्थित श्री ज्वाला माता मंदिर में रविवार को प्रथम नवरात्र पर सुबह पांच बजे ध्वजा परिकर्मा निकाली जाएगी। इसके बाद मंदिर में गद्दीनशीन माता तप एवं जन कल्याण हेतु एकांतवास में जाएंगी। इस दौरान मंदिर में श्री रामायण पाठ का आरम्भ किया जाएगा।



यमुनानगर। श्री ज्वाला माता मंदिर का आकर्षक रूप से सजाया गया बाह्य भाग और झालरों से सजा हुआ भीतरी दृश्य।

### दुर्गा सप्तमी का पाठ

मंदिर के सेवक रसिक और समर्पित ने बताया की नवरात्रों में श्री ज्वाला माता मंदिर में प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे दुर्गा सप्तमी का पाठ, दोपहर एक बजे मां शाकुंभरी चालीसा का पाठ और रात्रि आठ बजे दुर्गा अमृतवाणी का पाठ किया जाएगा। पांच अप्रैल को अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। अष्टमी के दिन सुबह 8 बजे कन्या पूजन और रात ठीक साढ़े नौ बजे माँ भगवती का जागरण किया जाएगा। छह अप्रैल को सुबह 4 बजे मंदिर में गद्दीनशीन पूज्य माता जी के एकांतवास से आकर दर्शन और शुभ आशीर्वाद संगत को प्राप्त होगा। दशमी तिथि को पूज्य माता के तपस्या स्थली के दर्शन का अवसर सांगत को सुबह साढ़े चार बजे से मिलेगा। इसके बाद खेत्री विसर्जन किया जाएगा। श्री प्राचीन देवी मंदिर, जगाधरी स्थित श्री काली माता मंदिर समेत सभी मंदिरों को सजाया गया है।